खिलवाड़ | मेडिकल स्टोर में चल रहा नकली दवाइयां का खेल

# लोगों के स्वास्थ्य के साथ हो रहा खिलवाड़

**नरसिंहपुर/गोटेगांव।** वर्तमान में मेडिकल स्टोर पर नकली दवाओं की बिक्री का मामला जिले भर में तेजी से बढ़ रहा है कई मेडिकल स्टोर पर दबाए 15 से 20% की छूट के नाम पर बेची जा रही है लेकिन ये दबाए असली नहीं बल्कि नकली है झूठ के लालच में आकर लोग इन नकली दवाओं को खरीद रहे हैं जिससे उनका स्वास्थ्य खतरे में पड़ रहा है।

ज्ञात हो कि नगर में नए-नए मेडिकल स्टोर व्यापक पैमाने पर खुलते जा रहे हैं वही इन पर शासन का ध्यान ही नहीं है ये मेडिकल स्टोर जीवन रक्षक दबाएं तो देते हैं साथ ही कीमत और नकली दवाओं की भी दुकानों पर जमकर खपत हो रही है परंतु सब मिली जुली सरकार के नुमाइंदे इन सबको अनदेखा करके माल छापते रहते हैं जो कि बीमार मरीजों और नगर की जनता में जनचर्चा का विषय बना हुआ है आखिर शासन इन मेडिकल स्टोर्स की जांच क्यों नहीं करता क्या नगद नारायण का आशीर्वाद मिल रहा जाता है चाहे बीमार जनता का कुछ हो मगर मेडिकल स्टोर वाले नकली दबाएं बेचने से बाज नहीं आ रहे हैं एक ओर भारत सरकार स्वास्थ्य मंत्रालय जनता को



समुचित सुविधाएं प्रदान करने का नारा देती है फिर यह जांच क्यों नहीं, सवाल उठता है कि नकली दवाओं की जांच के बिना मरीज को स्वस्थ शरीर और स्वास्थ्य लाभ मिलना बेमानी साबित होता है शासन विक्रय की जा रही नकली दवाओं पर अंकुश लगाए ऐसी मांग नगर वासियों ने की है।

### जनप्रतिनिधि भी इस गंभीर मुद्दे पर ध्यान नहीं देते

स्थानीय प्रशासन संबंधित अधिकारियों की छुट्टी सवाल खड़े करती है आम जनता के प्रतिनिधियों को भी इस मुद्दे पर ध्यान आकर्षित कर गंभीरता से विचार करना चाहिए और इसके खिलाफ कड़े कदम उठाने चाहिए नकली दावों की पहचान और उनकी बिक्री पर रोक लगाना स्वास्थ्य सुरक्षा के दृष्टिकोण से अत्यंत आवश्यक है।

### ठोस कार्यवाही की जरूरत

नकली दावों की रोकथाम के लिए तुरंत और सख्त कदम उठाए जाने चाहिए जन स्वास्थ्य से जुड़े इस गंभीर मामले में संबंधित विभागों और प्रशासन को ठोस कार्यवाही करनी चाहिए ताकि लोगों की जान के साथ होने वाली इस धोखाधड़ी को रोका जा सके।

### इनका कहना है

हमने पूर्व में भी कार्यवाही की है और लगातार जिले हम और हमारी टीम द्वारा कार्यवाही लगातार की जा रही है और और आज आपके गोटेगांव की जानकारी आपके द्वारा प्राप्त हुई है तो निश्चित तौर पर हमारे द्वारा यहां पर भी अगर इस तरीके की गतिविधियां उत्पन्न हो रही है तो हम निश्चित तौर पर उन पर जो वैधानिक कार्यवाही होगी उसे जरूर करेंगे।

**-देवेंद्र कुमार जैन**
जिलाधिकारी



## मंदिर निर्माण को लेकर बैठक

**साईंखेड़ा।** विगत दिवस को सर्वब्राह्मण सभा तहसील साईंखेड़ा के द्वारा श्री परशुराम भगवान का मंदिर निर्माण हेतु बहुत ही महत्वपूर्ण बैठक सेठान तिराहा पास राज्यवर्धन गार्डन में रखी गई जिसमें डॉक्टर महेंद्र कुमार बसेडि़या जो कि सर्व ब्राह्मण सभा के लिए हमेशा समर्पित रहने वाले उन्होंने मां भगवती की प्रेरणा से सेठान तिराहा के पास अपने द्वारा क्रय की गई।

भूमि पर 1108 वर्ग फुट भगवान परशुराम जी के मंदिर निर्माण हेतु जमीन दान देने सर्वब्राह्मण सभा तहसील साईंखेड़ा को शुभ संकल्प लिया है जिसमें सर्वब्राह्मण सभा ने आदरणीय डॉक्टर साहब की भूरी भूरी प्रशंसा की और सभी ने सर्वसम्मति से अपनी सहमति व्यक्त की एवं सभी ने तन मन धन से सहयोग करने का निर्णय लिया बैठक में सर्व नागेंद्र शर्मा भानु दीक्षित एवं श्रीराम जानकी मंदिर के महंत कमल नयन दास महाराज ने अपने विचार व्यक्त किए एवं डॉ बसेडि़या को साधुवाद दिया इस अवसर पर डॉ महेंद्र कुमार बसेड़िया ने सभी विप्र बंधुओ की बड़ी संख्या में उपस्थिति को नमन किया एवं आभार प्रकट किया एवं सभी से अपील की कि आसपास सभी गांव के विप्र बंधु इस मंदिर निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करें और भव्य मंदिर का निर्माण हो और यह स्थान भगवान परशुराम मंदिर के नाम से विख्यात हो इस अवसर पर राम जानकी मंदिर देतपौन के महंत कमल नयन दास महाराज एवं राम जानकी मंदिर सेठान के महंत सुतीक्ष्ण दास महाराज, कुंज बिहारी दीक्षित राजेंद्र शर्मा केशव प्रसाद दीक्षित श्रवण बसेडि़या अनिरुद्ध अवस्थी आदि विप्र बंधुओ की महत्वपूर्ण उपस्थिति रही।

# बिजली विभाग के अधिकारियों की चुप्पी

**गाडरवारा।** शहर के मुख्य मार्गो से लेकर कालोनियों में बिजली विभाग द्वारा स्थापित किये गये विद्युत सप्लाई व्यवस्था के खम्बों पर बीते हुये लगभग दो सालों से जिस तरह निजी कंपनी द्वारा अपनी लाईन डाली गई है उसको लेकर बिजली विभाग के अधिकारियों की चुप्पी पर सबाल खड़े होने से नही चूक रहे है? इस तरह सरकारी बिजली खम्बों पर डाली जाने वाली केबिल में जियों कंपनी का मार्का अंकित होने से यह अनुमान लग रहा है कि शायद निजी कंपनी जियों द्वारा अपने संचार व्यवस्था के लिये इन सरकारी खम्बों का उपयोग किया जा रहा है।

मगर बिजली विभाग द्वारा स्थापित किये गये यह खम्बे जहां शासकीय संपत्ति माने जाते है और उनका उपयोग सिर्फ बिद्युत व्यवस्था के लिये उपयोग करना बताया जाता है? मगर इसके बाद भी जिस तरह से निजी कंपनी द्वारा इन खम्बों का उपयोग करने के लिये खम्बों के ऊपर चढ़कर जहां अपनी सामग्री फिट करते हुये उनके ऊपर अपनी केबिल डालने का कार्य किया जा रहा है इससे निश्चित तौर से नगर में विद्युत उपभोक्ताओं के लिये जहां परेशानी का सामना करने के लिये मजबूर होना पड़ेगा तो दूसरी ओर निजी कंपनी द्वारा डाली जाने वाली



अपनी केबिल में इतनी ढील दी जा रही है जिसके चलते नगर की कालोनियों व मुहल्लो में जब कोई वाहन प्रवेश करेगा तो वह फंसने से नही बच पायेगा? इस स्थिति में निश्चित तौर से आये दिन बिद्युत सप्लाई व्यवस्था में बांधा पहुंचने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है? वैसे भी देखा जावे तो नगर के अंदर लगे हुये बिजली खम्बों की हालत यह बनी है कि वह पहले से ही विद्युत लाईनों के चलते मकड़ी के जाल के समान बने हुये है और उसी के ऊपर से इस नई लाईन के डाले जाने से विकट स्थिति बनने से नही चूक पा रही है तो सबाल यह पैदा हो रहा है कि यदि किसी दिन कोई घटना घटित होती है तो इसका जिम्मेदार कौन रहेगा? मगर इसके बाद भी खुलेआम बिजली खम्बों का निजी कंपनी द्वारा उपयोग किये जाने के बाद भी बिजली विभाग के अधिकारियों की चुप्पी निश्चित तौर से अनेक सबाल खड़े करने से नही चूक रही है? कही ऐसा तो नही कि बिजली विभाग के अधिकारियों द्वारा लक्ष्मी जी के आर्शीवाद के चलते आपसी समझौता करते हुये इन्हे शासकीय संपत्ति का उपयोग करने के लिये चूपचाप तरीके से अनुमति प्रदान कर दी गई हो? खैर सच्चाई जो भी हो उसे तो भगवान ही जाने। मगर इस तरह शासकीय संपत्ति का निजी कंपनी द्वारा उपयोग करने के साथ बिद्युत सप्लाई खम्बों पर डाली जाने वाली यह लाईन नगरवासियों के लिये परेशानी का कारण साबित होने से नही चूक पायेगी। बिजली खम्बों पर चढकर निजी कंपनी के लोग लाईन डालते हुये, काम करते हुय।



## पंडित नेहरू की पुण्यतिथि पर दी गई भावपूर्ण श्रद्धांजलि

**तेंदूखेड़ा।** मंगलवार को काचरकोना में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चांवरपाठा द्वारा भारत के प्रथम प्रधानमंत्री स्वर्गीय जबहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि मनाई गई। इस मौके पर उपस्थित कांग्रेसजनों ने चाचा नेहरू की प्रतिमा पर तिलक पुष्प माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। तथा उनकी उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता पूर्व विधायक संजय शर्मा दीवान शैलेन्द्र सिंह दीवान लेखराज सिंह महेंद्र तिजोरिवाले भूपेंद्र जयवार कांग्रेस कमेटी के ब्लॉक अध्यक्ष एवं अरविंद दुकानदार ब्रजेश साहू मुन्नालाल विजय अनिल योगेश श्रीवास आदि उपस्थित रहे।

# व्यावसायिक शिक्षा पर छात्रों की ऑन जॉब ट्रेनिंग

**गाडरवारा।** स्थानीय पी एम श्री शास. बालक उच्च. माध्य. विद्यालय (बी टी आई) स्कूल में नवीन व्यावसायिक शिक्षा अंतर्गत आईटी ट्रेड के छात्रों ने अपनी ऑन-जॉब ट्रेनिंग (ओजेटी) सफलतापूर्वक पूर्णा कया गया। बताया जाता है कि शहर के बी टी आई विद्यालय में पिछले लगभग 10 वर्षों से नवीन व्यावसायिक शिक्षा, विद्यालय के प्राचार्य के प्रेरणादाई निर्देशन में व्यावसायिक प्रशिक्षकों की कर्मठता से सफलता के साथ संचालित हो रही है। प्रत्येक वर्ष एग्जिट लेवल ( कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं) के छात्रों को मई माह में 20 दिवसीय ऑन जॉब ट्रेनिंग कराना, नवीन व्यावसायिक शिक्षा का एक महत्वपूर्ण एवं अनिवार्य सोपान है। इसी उद्देश्य को




पूरा करने हेतु विद्यालय प्राचार्य एवं प्रशिक्षकों के चयन से, इस सत्र में बी टी आई विद्यालय के छात्रों ने नगर की सुविख्यात संस्था सारा ग्रुप ऑफ एजुकेशन के कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र सारा कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र में बीते हुये 1 मई से 24 मई के बीच अपनी 20 दिवसीय ऑन जॉब ट्रेनिंग पूर्ण की, जिसका समापन बीते हुये दिवस हुआ। सारा कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र आई टी एवं कंप्यूटर साइंस के क्षेत्र में स्नातक एवं स्नातकोत्तर, बी सी ए, पीजीडीसीए आदि पाठ्यक्रम संचालित करने वाला संस्थान है। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में कक्षा 12 के छात्रों ने पायथन प्रोग्रामिंग, वेबपेज डेवलपमेंट, डेटाबेस निर्माण एवम कंप्यूटर पर होने वाले कमर्शियल कार्यों को सीखा। जबकि कक्षा 10 के छात्रों ने डेटा एंट्री कौशल, हिंदी टाइपिंग के साथ ऑफिस पैकेज के विभिन्न एडवांस्ड एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर्स का प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस दौरान सारा ग्रुप ऑफ एजुकेशन के संचालक कमल साहू ने छात्रों के लिए श्रेष्ठ प्रशिक्षक, आधुनिक व सुसंपन्न कंप्यूटर लैब, ICT उपकरणों, सर्वसुविधापूर्ण प्रशिक्षण कक्षों के साथ छात्र हेतु हर संभव सुविधा की उपलब्धता पूर्ण मनोयोग एवं निस्वार्थ भाव से सुनिश्चित की। केंद्र के प्रशिक्षकों ने भी अपनी मेहनत और समर्पण भाव से छात्रों को प्रशिक्षित कर उनके कौशल विकास में अपनी महती भूमिका अदा की गई।



## युद्ध स्तर पर चल रही फसलों की कटाई

**तेंदूखेड़ा।** इन दिनों खेतों में गर्मी मौसम की फसल लगभग पककर तैयार हो गई है। मौसम की प्रतिकूलता को देखते हुए किसान फसल को सुरक्षित घर ले जाने को लेकर कटाई कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। खेतों में ही उपज को काटकर थ्रेसिंग कार्य साथ साथ चल रहा है। हमारे प्रतिनिधि को किसानों ने बताया कि प्रति एकड़ औसतन छ बोरा की उपज निकल रही है। लेकिन किसान शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर उपज की खरीदी को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। इस बार हर साल की अपेक्षा गर्मी का सोयाबीन उड़द भी लगाया गया है।

### एक नजर में



#### बेलखेड़ी पुल पर शराब से भरा ट्रक पलटा

**गोटेगांव।** विगतदिवस बीती रात को नरसिंहपुर से गोटेगांव मार्ग पर बेलखेडी शेढ नदी के पास एक शराब से भरा ट्रक देवास से रीवा जा रहा जो की पुल के नीचे गिर जाने से पलट गया, दुर्घटना रोकने के लिए पुल पर बनाई हुई दिवाल उसके ऊपर ट्रक चढ़ गया और पलट गया, पुल के नीचे ट्रक गिरने से पलटे ट्रक में आग भवख गई जिससे ट्रक में रखी शराब और ट्रक दोनों जल गए जानकारी अनुसार बीत रात रात्रि के करीब 2.00 बजे पल के नीचे पलटे ट्रक में आग लग गई वही इस पूरी घटनाक्रम के मामले में थाना स्टेशन नरसिंहपुर थाना प्रभारी रामाकरखुश के अनुसार रात के करीब 2.00 बजे शेढ नदी घाट पुल पल पर पलटे ट्रक में आग लगने की घटना की जानकारी मिली जिसे तत्काल फायर को खबर देकर आग बुझाई जब तक पूरा ट्रक जलकर खाख हो गया और उसमें रखी शराब की पेटी जल गई, ट्रक देवास से रीवा जा रहा था नरसिंहपुर गोटेगांव के बीच रोड पर शेढ नदी घाट पर आग लगने की घटना के कारण ड्राइवर कुदकर अपनी जान बचाई ट्रक नियंत्रण होकर दीवाल से जाकर टकराया आधा ट्रक दीवार के उस तरफ आधा ट्रक दीवाल पर लटक गया शराब भरी हुई थी जिसका परमिट वगैरह सब वैध्य दस्तावेज उपलब्ध थे।

#### मनाई गई शनि जयंती

**तेंदूखेड़ा।** न्याय के देवता शनि देव की जयंती अवसर पर नगर के प्रतिष्ठित शनि मंदिर परिसर में सुबह से ही पूजन अर्चन किया गया वहीं भंडारे का आयोजन भी किया गया। नगर के गोपाल लाल मंदिर परिसर में स्थित शनि मंदिर का निर्माण विगत वर्षों हुआ था और इसमें शनि देव की प्राण प्रतिष्ठा भी शनि जयंती पर की गई थी। प्रत्येक शनिवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं।

#### नर्सिंग कोर्स के लिए आवेदन 29 तक

**नरसिंहपुर।** एएनएम नर्सिंग कोर्स के लिए अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति, अन्य पिछा वर्ग अल्पसंख्यक और वंचित वर्ग के कक्षा 12 वीं में जीव विज्ञान विषय में अध्ययनरत विद्यार्थी 29 मई तक एमपी ऑनलाइन के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश परीक्षा 18 जून 2025 को होगी। यह कोर्स 2 वर्ष का होगा। यह जानकारी जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग नरसिंहपुर ने दी।

#### उमरिया जाते समय राजमार्ग पर रुके जीतू पटवारी

**तेंदूखेड़ा।** मंगलवार को सुबह सुबह म प्र कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी उमरिया जाते समय अल्प समय के पूर्व विधायक संजय शर्मा के राजमार्ग स्थित कार्यालय में कुछ समय के लिए रुके। आगामी 31 मई को जबलपुर पहुंच रहे पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी एवं कांग्रेस महासचिव एवं वायनाड से सांसद श्रीमती प्रियंका गांधी के आगमन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

### सात दिवसीय समरकैंप का हुआ शुभारंभ

**गोटेगांव।** विगत दिवस स्थानीय प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय दिव्य ज्योति भवन में संस्कारों की पाठ शाला का आयोजन 25 से 31 मई तक सुबह 9 से 11 बजे तक किया जा रहा है, शैक्षणिक सत्र के ग्रीष्म कालीन अवकाश के चलते स्कूल के बच्चों काअवकाश उनके ज्ञानवर्धन में उपयोग हो सके,इसके लिए दिव्य ज्योति भवन में संचालिका मीनाबहन एवं अन्य बहनों के नेतृत्व में सात दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है,कैंप में बच्चों के व्यक्तित्व विकास पर जोर देकर उन्हें बाल उपयोगी ज्ञानवर्धन कराया जाएगा, इस संबंध में दिव्य ज्योतिभवन संचालिका मीनाबहन ने बतलायाकि समरकैंप के दौरान बच्चों को अनेक ज्ञानवर्धक मानसिक बौद्धिक और आध्यात्मिक जानकारियां के साथही खेलकूद, मेडिटेशन से एकाग्रता फैंसी ड्रेस प्रोजेक्ट बनाना।



## धूमधाम से मनाई गई न्याय के देवता शनिदेव की जयंती

**साईखेड़ा।** नगर के स्थानीय मवेशी बाजार में शनि मंदिर में सोमवार को धूमधाम से जयंती समारोह मनाई गई। शनि जयंती भव्य सजावट पर मंदिर को आकर्षक रूप से सजाया गया था। इस दौरान शनि देव की विशेष पूजा- अर्चना की गई। भगवान शनिदेव का तेला अभिषेक किया गया एवं उड़द ,काला कपड़ा, फल-फूल इत्यादि चढ़ाया गया।

पूजन को लेकर शनि मंदिर में अल सुबह से ही श्रद्धालुओ का तांता लगा रहा। साईखेड़ा नगर में स्थित शनि मंदिर में सूर्य पुत्र शनिदेव की पूजा हर साल आषाढ़ माह के कृष्ण पक्ष की अमावस्या को मनाने का विधान है। इस दिन शनि देव की भव्य पूजा होती है। भगवान शनि देव को सरसों के तेल, उड़द, कला कपढ़ा, लोह आदि चढ़ाने से प्रसन्न होते हैं। सभी पूजन अनुष्ठान शनिदेव मंदिर पुजारी दुर्गा प्रसाद जोशी की देख रेख में किया गया। मध्याह्न बेला में विशेष पूजन हवन किया गया पूरे मंदिर की भव्य रूप से फूलो से सजाया गया था तथा मंदिर के प्रांगण में पंडाल बनाया गया था। जहा विशाल कन्या भोजन महा प्रसाद का स्टाल लगाया गाय था।

## कांग्रेसजनों ने माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी

**गाडरवारा।** स्थानीय झंडा चौक पर भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि ब्लाक कांग्रेस कमेटी ने मनाते हुए उनका स्मरण किया। कांग्रेसजनों ने नेहरू जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण किया और उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एच व्ही रफीक ने नेहरू को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि आधुनिक भारत की नींव रखने वाले भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू को बच्चों से काफी लगाव था बच्चे उन्हें चाचा नेहरू कहकर पुकारते थे। हम सभी लोग आज उनकी पुण्यतिथि के अवसर पर संकल्प ले की हम उनके बताए हुए मार्ग चलकर उनके सपनों को साकार करेंगे। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष बसंत तपा ने कहा कि विविधता में एकता का संदेश देने वाले हमारे प्रेरणास्त्रोत पंडित जवाहरलाल नेहरू को नमन करता हूं उनके आदर्श से हम सभी को मार्गदर्शन मिल रहा है। ब्लॉक




कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जिनेश जैन ने संचालन करते हुए कहा कि प्रगतिशील भारत के निर्माण में पंडित जवाहरलाल नेहरू का महत्वपूर्ण योगदान है चाचा नेहरू के बलिदान को हमेशा याद किया जाएगा। इस अवसर पर कांग्रेस नेता रमेश अग्रवाल , शिवकुमार नीखरा, अनिल साहू, केजी आजाद, सतीश सैनी, मुस्तान खान, विनोद ठाकुर, अनिल सोनी, मोनू पांडे, महमूद पहलवान,अशोक मंगलानी, नेतराम श्रीवास, बालमुकुंद अहिरवार, शरद साहू, हंसू राय आयुष जैन, पवन चौधरी, कन्हैया श्रीवास आदि कांग्रेसी उपस्थित रहे। आभार प्रदर्शन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के महामंत्री सतीश सैनी ने किया। अंत मे उपस्थित सभी लोगों ने 2 मिनट का मौन धारण कर चाचा नेहरू को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की ।

# विद्युत विभाग की समस्यायों को लेकर किसानों ने सौंपा ज्ञापन

**तेंदूखेड़ा।** मंगलवार को भारतीय किसान मजदूर संघ के बैनर तले तेंदूखेड़ा क्षेत्र के किसानों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम संबोधित एक ज्ञापन तहसील कार्यालय में पहुंच कर तहसीलदार तेंदूखेड़ा को सौंपा गया है। इसके पूर्व नगर के मुख्य मार्गों से एक विशाल रैली निकाली गई। सौंपे गए ज्ञापन में किसानों ने अपनी क्षेत्र बार समस्याओं का उल्लेख करते हुए स्पष्ट किया कि संपूर्ण प्रदेश में ग्रीष्मकालीन मूंग फसल का उत्पादन व्यापक स्तर पर किया जा रहा है। और कृषकों को नगद मूल्य की एक उपज प्राप्त हो रही है। पिछले कई सालों से सरकार समर्थन मूल्य पर इस फसल को खरीदते हुए चले आ रही है। लेकिन इस साल अभी तक गिरदावरी के साथ रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया भी अभी तक शुरू नहीं हुई है।जिसे म प्र सरकार शीघ्र शुरू कराये। नरसिंहपुर के विद्युत अधिकारियों द्वारा कृषि पंपों का भार अपने मनमाने तरीके से



बढ़ाया गया है। जिसमें तत्काल प्रभाव से सुधार किया जाये वहीं घरेलू विद्युत बिलों के बिल बड़ी हुई राशि के आ रहे हैं।जिनका समय सीमा में सुधार कराया जाये। अटल ज्योति के नाम से 24 घंटे बिजली की जगह मात्र 10 -12 घंटे ही मिल रही है शीघ्र सुधार कर 24 घंटे किया जाये। बगैर किसी सूचना के विजली की कटौती और आंख मिचौली जारी है। तथा कुछ फीडरों पर कम भार क्षमता के ट्रांसफार्मर रखे हुए हैं। लोड के हिसाब से उनकी क्षमता को तत्काल प्रभाव से बढ़ाया जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति ठप्प पड़ी होने के कारण पेयजल संकट बना हुआ है।

### पेयजलापूर्ति के इंतजाम

तत्काल प्रभाव से पेयजलापूर्ति की स्थाई व्यवस्था बनाई जाये और अधिक समस्या वाले ग्रामों में पेयजलापूर्ति के इंतजाम किए जायें। राजस्व विभाग द्वारा सीमांकन नामांकन फौती बंटवारा बैंकिंग प्रक्रियाओं पारिवारिक बंटवारा नक्शा वटांकन सहित विभिन्न मामलों में पटवारियों और राजस्व कर्मचारियों द्वारा किसानों को अनावश्यक रूप से परेशान किया जा रहा है जिस पर तत्काल प्रभाव से विराम लगाते हुए बगैर कोई असुविधा के समस्याओं को निराकृत किया जाये। यदि समय सीमा में समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ तो वृहद स्तर पर एक आंदोलन करने अपने संघ के बैनर तले किसान बाध्य हो जायेंगे। जिसकी संपूर्ण जवाबदेही प्रशासन की होगी।

## राष्ट्रीय डिप्टी सचिव बने रामरतन पटैल

**करेली।** अखिल भारतीय उपभोगता उत्थान संगठन के राष्ट्रीय डिप्टी सचिव बने रामरतन पटैल नरसिंहपुर जिले के करेली ब्लाक के अन्तर्गत ग्राम पंचायत अम्हेटा जन्मे पटैल परिवार मे रामरतन पटैल जिन्होने 18 वर्ष की आयु से समाज सेवा का बीडा उठाने वाले रामरतन पटैल को 3 वर्ष पूर्व ही राष्ट्रीय कोवानेटिव समन्वयक बनाने के साथ साथ आप को छत्तीसगढ प्रदेश कांग्रेस प्रभारी बनाया गया जँहा उन्होने दौरा भी किया साथ साथ नरसिंहपुर जिले करेली ब्लाक कांगेस अध्यक्ष का दायित्व का निर्वाह बदस्तूर जारी तथा मारूति सेवा आश्रम उत्तर सत्धारा 108 मौनी बाबा सिद्ध स्थल तट आश्रम के आजीवन अध्यक्ष हैआप विगत 20 वर्षो छत्रिय कुर्मी समाज के जिलाध्यक्ष आज भी है अभी कुछ दिन पूर्व ही आपको अखिल भारतीय राष्ट्रीय उपभोगता उत्थान संगठन दिल्ली द्वारा आपको अखिल भारतीय राष्ट्रीय उपभोगता उत्थान संगठन में राष्ट्रीय डिप्टी सचिव के पद पर



नियुक्ती होने पर शुभ चितको में खुशी लहर छा गई रामरतन पटैल बधाई देने वालो तातों लगा हुआ है। गवार्नरड जनरल सेकेटरी महाराष्ट्र, के एल पाण्डेय जिलाध्यक्ष कटनी मध्य प्रदेश, श्रीधर लायर राष्ट्रीय सचिव भद्द दिल्ली वालो के प्रति हम आप सभी का आभार व्यक्त करते कि जिस विश्वास के साथ आपने रामरतन जी पटैल व्यक्त किया उससे वह बहुत आगे कारगार सिद्ध साबित होगे बधाई देने वालो मे डाक्टर राजेन्द्र सिंह किलेदार वरिष्ठ गणमान्य नागरिक भुगवारा, पिरकाश चन्द्र पेठिया, गोपाल दास गुप्ता (मरेले), राजकुमार पटैल मुनीम, सहित अनेको वरिष्ठ गणमान्य नागरिको ने स्वयं पहुंच कर बधाई दी।